**Title:** Regarding proposed increase in excise duty imposed on readymade garments industry.

**श्री मदन लाल खुराना (दिल्ली सदर) :** अध्यक्ष जी, मैं आपकी आज्ञा से रेडीमेड गारमैंट्स उद्योग पर प्रस्तावित 16 प्रतिशत एक्साइज़ ड्यूटी लगाने के परिणामस्वरूप देशभर में हो रही हड़ताल और दिल्ली में बेमियादी हड़ताल की ओर सदन का ध्यान आकर्ति करना चाहता हूं।â€¦( व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** खुराना जी, कल यह मामला उठाया था।

**श्री मदन लाल खुराना** : उन्होंने केवल दो लाइनें कही थीं।

**अध्यक्ष महोदय** : क्या अभी ज्यादा बोलेंगे?

**श्री मदन लाल खुराना** : 14 लोगों ने लिख कर दिया है। ढाई से तीन लाख स्मॉल और कॉटेज इंडस्ट्रीज की इकाइयां सारे देश में लगी हुई हैं। देश के ग्यारह शहरों में डेढ़ लाख यूनिट्स हैं जिनमें बीस से पच्चीस लाख लोग रोजगार में हैं। मैं कह सकता हूं कि पिछले कुछ वार्षों से यह उद्योग ऐसा है जिसने बहुत डैवलप किया है, बहुत ज्यादा एक्सपोर्ट किया है। देश के एक्सपोर्ट के अंदर इसका बहुत बड़ा भाग है। कल मैंने वित्त मंत्री जी से बात की थी। उन्होंने कहा था कि हमने केवल ट्रेड मार्क वालों पर लगाया है। लेकिन उन लोगों का कहना है कि जिनका टर्नओवर 15-20 लाख है, उन्होंने भी रजिस्टर करवा रखा है। दिल्ली में अभी 4 प्रतिशत सेल्स टैक्स लगा, 6 प्रतिशत सैंट्रल टैक्स है, 16 प्रतिशत यह लग जाएगा। अगर एक उद्योग में एक साल में 26 प्रतिशत टैक्स लग गया तो वह उद्योग बिल्कुल बर्बाद हो

जाएगा। अगर यह कहते हैं कि ब्रांड वालों को करना चाहते हैं तो टर्नओवर लिया जाए कि जिसका टर्नओवर तीन करोड़ से ज्यादा हो, उस पर टैक्स लगाएं, हमें कोई एतराज नहीं है। लेकिन स्मॉल स्केल इंडस्ट्री, जिसका टर्नओवर तीन करोड़ से कम है, उस पर न लगाया जाए, उसे मुक्त रखा जाए। कपड़ा मंत्री जी से भी मेरी बात हुई है। वे भी इसके ऊपर टैक्स लगाने से दुखी हैं।

**सोमनाथ चटर्जी** : इनकी बात कोई सुनता नहीं है।

**श्री मदन लाल खुराना** : मेरा आपसे यह निवेदन है कि क्योंकि आज दिल्ली के अन्दर और सारे देश के अन्दर इसकी हड़ताल है, मजदूर सड़कों पर आ गये हैं, पहले से ही बेरोजगारी बहुत ज्यादा है, उसमें इस तरह से 30, 40, 50 लाख लोगों को बेरोजगार करना बहुत बड़ा अन्याय होगा। मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहूंगा कि वे हमारी भावनाओं को माननीय मंत्री जी तक पहुंचायें। आज देश की जो मांग है कि केवल 'brand' रजिस्ट्रेशन से नहीं, तीन करोड़ रुपये से जिसका टर्नओवर ज्यादा हो, उसी पर टैक्स लगे और स्माल स्केल इंडस्ट्री पर टैक्स नहीं लगना चाहिए। â€¦( व्यवधान)

**श्री विजय गोयल (चांदनी चौक) :** खुराना जी की बात से मेरा भी सम्बन्ध है। इसके कारण दिल्ली में बहुत एजीटेशन है।â€¦( व्यवधान)

MR. SPEAKER: You can associate with Shri Khurana.

...(*Interruptions*)

SHRI SOMNATH CHATTERJEE : Sir, I have received several representations which I have forwarded to the Finance Minister and has requested his immediate intervention because serious misery is being caused to a large number of small scale units. Lakhs and lakhs of workers are being affected.

Sir, this is a very serious matter. I request him to pass it on with a strong recommendation that this should be done. I request immediate intervention by the Government.

SHRI K. YERRANNAIDU (SRIKAKULAM): Sir, not only the CPM but also the whole House is supporting Shri Khurana on this point.

SHRI SOMNATH CHATTERJEE : However, the CPM always gives the lead. ...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Shri Jaipal Reddy, you can also support him.

SHRI S. JAIPAL REDDY ( MIRYALGUDA): Sir, I would like to lend support to what Shri Khurana said.

MR. SPEAKER: Shri Khurana, you are getting a lot of support.